नईदुनिया

तापमान

भोपाल	17.0°	28.0°
इंदौर	18.0°	29.0°
जबलपुर	18.0°	30.0°
ग्वालियर	20.0°	30.0°
सागर	19.0°	30.0°

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 335, पृष्ठ 12)
कार्तिक, कृष्ण नवमी संवत् 2083
मंगलवार, 3 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओः दाई किमी ...



खेल... कोलंबो में टेस्ट ट्वेंटीः क्रिकेट में लैंगिक समानता की ...



व्यापार... शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 1,233 ...



देश-विदेश... पीएम नेतन्याहू आइजनकोट के साथ सरकार ...

खास-खबरें

शरद पवार अस्पताल में भर्ती, सीने में दर्द

नईदुनिया ब्यूरो, पुणेः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को पुणे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार को सांस लेने पर बढ़ने वाले सीने में दर्द की शिकायत थी। खांसी के बाद उन्हें रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया। उनकी बेटी, बारामती की सांसद और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने यह जानकारी दी। सुले के अनुसार, पवार की चिकित्सकीय जांच चल रही है। उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी मानक स्थिर हैं। फिलहाल उन्हें अस्पताल में ही रखा जाएगा।

आप के तीन विधायक भाजपा में शामिल

नईदुनिया ब्यूरो, अमृतसरः पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के तीन विधायक सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इनमें अमृतसर उत्तर से कुंवर विजय प्रताप सिंह, समाना से चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। तीनों विधायकों ने पिछले दो दिनों में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था। रविवार को चेतन जौड़ामाजरा और हरमीत पठानमाजरा ने पार्टी छोड़ी, जबकि सोमवार को कुंवर विजय प्रताप ने इस्तीफा दिया। कुंवर और पठानमाजरा ने विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। भाजपा में शामिल होने के बाद कुंवर विजय प्रताप ने आरोप लगाया कि पंजाब में फिरौती का कारोबार चल रहा है और गैंगस्टर सरकार का हिस्सा बन गए हैं।

अभिनेता इमरान खान ने बिना शर्त माफी मांगी

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः अभिनेता इमरान खान ने विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में हुए प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए बंबई उच्च न्यायालय से बिना शर्त माफी मांगी है। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के किसी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। उच्च न्यायालय अभिनेता को जारी भारत छोड़ने के नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। अदालत ने उनसे बिना शर्त माफी और लिखित आश्वासन देने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने केंद्र सरकार को 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत की याद दिलाते हुए इमरान को नोटिस का जवाब देने के लिए समय देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी।

दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दीपावली के अवसर पर सात और आठ नवंबर को केवल हरित पटाखे जलाने की अनुमति दी है। पटाखे सुबह छह से सात बजे और रात आठ से दस बजे तक ही चलाए जा सकेंगे। न्यायालय ने अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक और जिला स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों तथा अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर रोक लगाई है। शैक्षणिक संस्थानों को भी पटाखा-मुक्त क्षेत्र घोषित करने का निर्देश दिया गया है। इन क्षेत्रों की उचित पहचान व लोगों को प्रतिबंध की जानकारी देने को कहा है।

प्रधानमंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन का किया उद्घाटन

स्वच्छ ऊर्जा के दम पर भारत ने बनाए रखी विकास की रफ्तार: पीएम मोदी



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस बार सम्मेलन विशेष परिस्थितियों में हो रहा है। दुनिया में ऊर्जा संकट की चर्चा के बीच भारत ने मजबूत आर्थिक विकास की गति बनाए रखी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था ने कोविड-19 महामारी से लेकर पश्चिम एशिया के संकट तक कई गंभीर चुनौतियों का सामना किया है। पश्चिम एशिया में संकट जारी है, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों ने देश को कठिन परिस्थितियों से उबरने में मदद की है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में स्वच्छ ऊर्जा में निवेश और नई व्यवस्थाएं विकसित नहीं की गई होतीं, तो इन संकटों का अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक गंभीर असर पड़ता।

मोदी ने बताया कि वर्ष 2021 के सम्मेलन में भारत ने 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता 500 गीगावाट करने का संकल्प लिया था। पेरिस समझौते के तहत स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य भी रखा गया था। भारत ने यह लक्ष्य 2025 में निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले पूरा कर लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों का लाभ पूरी मानवता को मिलना चाहिए। उन्होंने फरवरी 2024 में शुरू हुई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि एक करोड़ घरों में छतों पर सौर पैनल लगाने का लक्ष्य है।

पिछले 24-25 महीनों में 65 लाख से अधिक घर इस अभियान से जुड़ चुके हैं। उन्होंने गांवों में खाली जमीन पर किसानों द्वारा सौर पैनल लगाने और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार बढ़ाने पर भी जोर दिया।

मोदी आज पुणे मेट्रो का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुणे मेट्रो की लगभग 21,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दोपहर 12:30 बजे होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो लाइन-3 (पिंक लाइन) का उद्घाटन करने के साथ मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित पुणे मेट्रो लाइन-3 का उद्घाटन करेंगे। लगभग 23 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर मान से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मेट्रो स्टेशन तक फैला है। इससे हिंजेवाड़ी के आईटी हब और शिवाजीनगर के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 13,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस चरण में लाइन 2ए, 2बी, 4 और 4ए शामिल हैं।

श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की बैठक में दिए निर्देश, डिजिटल मंच शुरू होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण पर केंद्रित अत्याधुनिक शोध लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। इसमें दुर्लभ पांडुलिपियों और शोध पत्रों को रखा जाएगा। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित शोध, वृत्तचित्र, नाटक और संगीत श्रृंखलाओं के लिए समर्पित डिजिटल मंच शुरू करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मंत्रालय में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विचार आज भी जीवन प्रबंधन, अर्थव्यवस्था, कृषि और गौ-संवर्धन जैसे क्षेत्रों में मार्गदर्शन देते हैं। उनके विचारों पर प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर पर विचार सत्र तथा संगोष्ठियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाए। मंदिरों का संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन इस तरह हो कि श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं मिलें। मंदिरों से जुड़ी भूमि का उपयोग बेहतर व्यवस्था के लिए किया जाए। ऐसी भूमि पर कृषि और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने की कार्ययोजना भी बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने बड़े मंदिरों की आय के कुछ हिस्से से आसपास की गौशालाओं और वृंदावन गांवों की व्यवस्था सुधारने पर विचार करने को कहा। मंदिरों में मौजूद जल संरचनाओं के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए जल गंगा अभियान के तहत कार्य किए जाएंगे। सांदीपनि आश्रम के विकास और जीर्णोद्धार सहित श्रीकृष्ण पाथेय योजना की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई। प्रदेश में 3200 से अधिक मंदिरों के रखरखाव, प्रवेश द्वार निर्माण और जल संरचनाओं के संरक्षण के निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

राहुल ने नकली संसद लगाई, वहीं पीएम बन जाते तो सोनिया जी को शांति मिलतीः शाह

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च के दौरान कांग्रेस पर साधा निशाना, मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाने का दावा



नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हैदराबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च में हिस्सा लिया और जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली में नकली संसद लगाई थी। यदि वे उसी में प्रधानमंत्री बन जाते तो सोनिया गांधी के दिल को शांति मिल जाती, लेकिन असली संसद में वे कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

शाह ने विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध को लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मतदाता सूची से बांग्लादेशी घुसपैठियों को हटाने की प्रक्रिया रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश और मतदाता सूची से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने दावा किया कि तीन करोड़ वोट बांग्लादेशी घुसपैठियों के हैं। उन्होंने राहुल गांधी के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें भाजपा की चुनावी जीत को विशेष गहन पुनरीक्षण से जोड़ा गया था। शाह ने कहा कि भाजपा 2014 और 2019 में भी जीती थी, तब यह प्रक्रिया नहीं हुई थी।

शाह ने राहुल गांधी पर चुनाव के बाद विदेश जाने, संविधान का सम्मान नहीं करने और इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा संसद के विशेष सत्र में इन मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। शाह ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को बेदाग बताया।

उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस को नकार चुकी है और झूठ फैलाकर चुनाव नहीं जीते जा सकते।

विदेशी ताकतें देश में अस्थिरता फैलाना चाहती हैं: नबीन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः नितिन नबीन ने कहा कि विदेशी ताकतें भारत में अस्थिरता पैदा करना चाहती हैं और इसके लिए राहुल गांधी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने राहुल को उन ताकतों का माध्यम बताया, जिन पर नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में अशांति फैलाने का आरोप है। नबीन ने कहा कि राहुल देश में अराजकता फैलाने वाली ताकतों का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके पास कोई दृष्टि नहीं है और कांग्रेस के कमजोर होने के लिए वही जिम्मेदार होंगे।

राहुल बोले-विदेशी मदद से पीएम बने मोदीः राहुल गांधी ने सोमवार को सामाजिक माध्यम पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और उसी मदद के सहारे अब भी पद पर बने हुए हैं।

माँ, पत्नी और दो बच्चों का बेरहमी से गला रेता फिर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली

खाने में नशीला पदार्थ मिलाने की आशंका, कर्ज के बोझ से परेशान था आरोपी नरेन्द्र



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के छोला मंदिर थाना इलाके में परिवार के चार सदस्यों की गला रेतकर हत्या करने के बाद मुखिया द्वारा ट्रेन से कटकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह हुई वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तलाशी के दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक कर्ज के बोझ और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। संभावना है कि सामूहिक हत्या करने से पहले उसने खाने में कोई जहरीला या नशीला पदार्थ मिला दिया था। यही वजह है कि इस लोमहर्षक घटना की पड़ोसियों को भनक तक नहीं लग सकी। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक मालीखेड़ी निवासी 35 वर्षीय नरेंद्र साहू वर्तमान में आष्टा में एक रिजार्ट में कुक का काम कर रहा था। परिवार में उसके साथ मां 50 वर्षीय सरस्वती साहू, पत्नी 29 वर्षीय सोमलता साहू, बेटी 10 वर्ष की कीर्ति और छह साल का कुश साहू था। दरअसल सोमवार सुबह 11 बजे सूखीसेवनिया थाना इलाके के गांव चौपड़ाकलां में रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। उसके पास मिले मोबाइल फोन से मृतक की पहचान मालीखेड़ी में रहने वाले नरेंद्र साहू के रूप में हुई। तलाशी में उसकी जेब से बाइक और घर की चाबी मिली थी। पुलिस जब घटना के बारे में जानकारी जुटाने नरेंद्र के घर पहुंची तो दरवाजे पर ताला लगा मिली। अनहोनी की आशंका में पुलिस ने मृतक के रिश्तेदारों की मौजूदगी में ताला खोला, तो कमरे का नजारा देखकर सभी सहम गए। नरेंद्र की मां,पत्नी और दोनों बच्चों के शव खून से लथपथ पड़े हुए थे। सभी के गले पर धारदार हथियार के गहरे निशान थे। पुलिस उपायुक्त जोन-चार,आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि घटना स्थल से धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने खान पान का सामान भी जब्त करके जांच के लिए भेजा है।

सड़क निर्माण के दौरान करंट से आठ मजदूरों की मौत



नईदुनिया ब्यूरो, उदयपुरवाटीः राजस्थान के झुंझुनूं जिले के छापोली गांव में सोमवार को सड़क निर्माण के दौरान बिजली का करंट लगने से आठ मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य झुलस गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे छापोली-कदंब कुंड मार्ग पर सीकर-नीमकाथाना राज्य राजमार्ग से लगभग 150 मीटर दूर हुआ। थाना प्रभारी रामपाल के अनुसार, सड़क निर्माण में रोड़ी-बजरी मिलाने के लिए इस्तेमाल की जा रही मशीन ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। बिजली का तार मशीन के हाइड्रोलिक जैक से छू गया, जिससे मशीन में करंट फैल गया। वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों ने धरना शुरू कर दिया।

पत्नी को अनुकंपा पर उपनिरीक्षक पद और परिवार को एक करोड़ की सहायता

नईदुनिया ब्यूरो, देवासः प्रदेश के देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब से भरे ट्रक ने थाना प्रभारी दिलीप पुरी को कुचल दिया। वे रविवार रात शराब तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। अस्पताल में करीब दो घंटे तक उपचार के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। पुलिस के अनुसार, टीआई ने ट्रक चालक को बाहर आने के लिए कहा था, लेकिन चालक ट्रक को डिवाइडर पर चढ़ाकर आगे बढ़ गया। ट्रक का पिछला पहिया पुरी के ऊपर चढ़ गया। ट्रक जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत टीआई की पत्नी को अनुकंपा पर उपनिरीक्षक पद और परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। भारतेन्द्र जायसवाल से जुड़ी तीन शराब दुकानों के अनुज्ञापत्र निलंबित किए गए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अमरसिंह बघेल और दो आबकारी आरक्षक अरुण कुम्भरे तथा कृष्णपाल सिंह डोडिया को निलंबित किया गया है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

शराब तस्करी के ट्रक ने छीन ली थाना प्रभारी की जिंदगी



जमीन पर गिरा विमान बना आग का गोला, नौ की मौत

फ्लोरिडा, एजेंसीः अमेरिका के फ्लोरिडा में रविवार को एक व्यावसायिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। विमान टेक्सास से बहामास जा रहा था। दुर्घटना से कुछ देर पहले पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रक को बताया था कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा है और जमीन से टकराने वाला है। विमान सड़क के पास जमीन से टकराया। टक्कर के बाद जोरदार धमाका हुआ और आसपास आग फैल गई। दुर्घटनास्थल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-ए-लागो आवास से करीब 14 किलोमीटर दूर बताया गया है। हवाई यातायात नियंत्रक और पायलट के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग सामने आई है। इसमें पायलट ने खराब मौसम, विमान पर बर्फ जमने और तेज झटके लगने की जानकारी दी। स्थिति बिगड़ने पर उसने आपात संदेश जारी किया। पायलट ने बताया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा है और अब समय नहीं बचा है।

संघ की तीन दिवसीय बैठक आगामी योजनाओं पर मंथन

नईदुनिया ब्यूरो, इंदौरः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक सोमवार को डेली कॉलेज में शुरू हुई। बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी छह सह सरकार्यवाह सहित देशभर के करीब 408 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हैं। बैठक 4 नवंबर तक चलेगी। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा, संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि देशभर में संघ की दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1 लाख 1 हजार 151 हो गई है। पिछले एक वर्ष में 13 हजार से अधिक नई शाखाएं जुड़ी हैं। साप्ताहिक और मासिक मिलन सहित संघ का कार्य 1 लाख 10 हजार 849 स्थानों तक पहुंचा है।

शताब्दी वर्ष में देशभर में 65 हजार 660 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए। बैठक में इन आयोजनों से मिले अनुभवों और सामाजिक सहभागिता की समीक्षा होगी। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, नशे के खिलाफ अभियान तथा पंच परिवर्तन के विषयों पर आगे की योजनाओं पर भी विचार किया जाएगा।

दावा *कैलिफोर्निया में गैर-अमेरिकी नागरिकों को भेजे गए डाक मतपत्र; राज्य ने आरोपों पर सवाल उठाए*

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में 20 हजार मतपत्रों पर विवाद

वाशिंगटन, एजेंसीः अमेरिका में तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले कैलिफोर्निया के करीब 20 हजार डाक मतपत्रों को लेकर विवाद गहरा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के न्याय विभाग ने दावा किया है कि राज्य में इतने लोगों को मतदान के लिए डाक मतपत्र भेजे गए, जिनके अमेरिकी नागरिक नहीं होने की आशंका है। विभाग ने इन मतपत्रों को अलग रखने और संबंधित लोगों की नागरिकता की पुष्टि होने तक उनकी गणना रोकने की मांग की है।

अमेरिकी न्याय विभाग और गृह सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मतदाता पंजीकरण अभिलेखों तथा संघीय आव्रजन संबंधी आंकड़ों की समीक्षा के बाद 20 हजार से अधिक ऐसे लोगों की पहचान की गई, जिन्हें संभावित गैर-नागरिक माना गया है। संघीय सरकार का कहना है कि कैलिफोर्निया में पंजीकृत मतदाताओं को डाक से मतपत्र भेजे जाते हैं। इसलिए इन लोगों को भी मतदान के लिए मतपत्र भेजे गए।

न्याय विभाग ने 15 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के विरुद्ध मुकदमा दायर किया। उसने अदालत से आग्रह किया कि संबंधित मतपत्रों की गणना



नागरिकता की पुष्टि होने तक रोकी जाए। विभाग का आरोप है कि राज्य के अधिकारियों ने सूची की जांच और संदिग्ध मतपत्र अलग रखने में सहयोग नहीं किया।

कैलिफोर्निया के अधिकारियों ने संघीय सरकार की सूची की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सूची में शामिल कई लोग अमेरिकी नागरिक हो सकते हैं और चुनाव से ठीक पहले इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं की नागरिकता की जांच करना कठिन है।

एक संघीय न्यायाधीश ने 28 अक्टूबर को प्रशासन की मतपत्र रोकने की मांग खारिज कर दी। इसके बाद अपील अदालत ने भी तत्काल हस्तक्षेप से इनकार किया। मामला चुनाव प्रक्रिया और मतपत्रों की गणना को लेकर कानूनी विवाद का विषय बना हुआ है।

भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी

नईदुनिया ब्यूरो, मथुराः भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी को लेकर विवाद में आए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने माफी मांगते हुए सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी बात का गलत अर्थ निकाला गया और उसे तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उनका भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण में भेद करने का कोई इरादा नहीं था। धीरेंद्र शास्त्री ने शिवपुरी में चल रही श्रीराम कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मुद्रा और वृंदावन का उल्लेख करते हुए टिप्पणी की थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद मथुरा के साधु-संतों ने नाराजगी जताई।